हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 मई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री



14 संगोष्ठी में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन के लिए निगम ....



14 मरार समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष...

## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में ड्राइवर की मौत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे आ रही माजदा वाहन उससे जा टकराई, जिससे ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 27 मई को अज्ञात वाहन के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक अचानक ब्रेक मारने से पीछे-पीछे चल रही माजदा क्रमांक ओडी 17 एसी 4561 उससे टकरा गई। जिसके चलते माजदा वाहन चला रहे ड्राइव मकरध्वज बारीक की मौत हो गई। सरायपाली थाने में मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।



### बुजुर्ग से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सिंगारपुर टुकड़ा में एक बुजुर्ग के साथ मारपीट के मामले में सांकरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी बाबूलाल नंद पिता स्व दासरथी नंद (59 साल) सिंगारपुर टुकड़ा ने बताया कि 26 मई की रात करीब 8 बजे जलसाय के घर के सामने खड़े होकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान आरोपी अर्जुन नंद आया गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखा डंडे से सिर पर वार किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### जनपद पिथौरा में शिविर आज से

**महासमुंद।** केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केंद्रीय मोटरयान नियम 1989, साथ ही सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 06 दिसंबर 2018 को जारी अधिसूचना तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक मोटर वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में यह कार्य परिवहन विभाग द्वारा अधिकृत एजेंसी के माध्यम से किया जा रहा है, जो राज्य के सभी परिवहन कार्यालयों में एचएसआरपी प्लेट लगाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में कलेक्टर महासमुंद के निर्देश पर जिले में आमजन को जागरूक करने एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद द्वारा 29 एवं 30 मई 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक जनपद कार्यालय पिथौरा में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक वाहन स्वामी इस शिविर में उपस्थित होकर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि वे समय पर अपने वाहन पर एचएसआरपी प्लेट लगवाकर नियमों का पालन करें एवं कानूनी कार्रवाई से बचें।

# खरीदी शुरू, बीज और खाद की गुणवत्ता जांचने अब लिया जा रहा सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खरीफ सीजन की शुरूआत से पहले कृषि विभाग इन दिनों बीज और खाद की गुणवत्ता जांचने सैंपलिंग कर रहा है। जिसके तहत जिलेभर की दुकानों में दबिश देकर सैंपल लेने का कार्य जारी है। इस बार विभाग को बीजों के 245 सैंपल और खाद के 228 का लक्ष्य मिला है। अब तक बीजों के लगभग 165 और खाद के 48 सैंपल प्रयोगशाला भेजे जा चुके हैं।

बता दें कि किसानों को मानक स्तर के बीज और खाद मिले, इसके लिए विभाग द्वारा हर साल बीज और खाद का सैंपल परीक्षण प्रयोगशाला लाभांडी रायपुर भेजा जाता है। खाद व बीजों की सैंपलिंग 15 अप्रैल से शुरू हुआ है, जो जुलाई तक चलेगा। बीज के सैंपल की रिपोर्ट आने में लगभग 7-10 दिन और खाद के सैंपल की रिपोर्ट आने में लगभग 10-15 दिन लगता है। रिपोर्ट अमानक पाए जाने पर विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है और उन्हें बाजार से वापस मंगा लिया जाता है। कृषि विभाग के एडीओ और सैंपल इंस्पेक्टर मनोज पटेल ने बताया कि खाद व बीजों की सैंपलिंग का कार्य चल रहा है। इस साल विभाग को बीज का 245 का लक्ष्य मिला है। अभी तक 165 बीजों का सैंपल भेजा जा चुका है। जिनमें से 103 की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिसमें से सभी बीज के सैंपल मानक पाए गए हैं। शेष 62 की रिपोर्ट जल्द ही प्राप्त हो जाएगी। इसी तरह खाद के लिए 228 का लक्ष्य मिला है। अभी तक 48 खाद का सैंपल प्रयोगशाला भेजा जा चुका है, जिसमें से 43 की रिपोर्ट आई है जो सभी मानक हैं । शेष 5 खाद सैंपल की रिपोर्ट आनी बाकी है।

## बीज के सैंपल के रिपोर्ट आने में 7-10 और खाद की रिपोर्ट आने में लगते हैं 10-15 दिन

### बीज अमानक होने पर होता है नुकसान

श्री पटेल ने बताया कि खाद और बीज अमानक होने पर फसलों पर असर पड़ता है। किसानों की फसल प्रभावित होती है। इससे किसानों को नुकसान होता है। इस कारण किसानों को प्रमाणित बीज लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। प्रमाणित बीज की बोआई करने से उत्पादन अच्छा होता है।



### पिछले साल खाद-बीज के 455 का सैंपल का था लक्ष्य

श्री पटेल ने बताया कि पिछले साल विभाग को खाद और बीज के 455 सैंपल लेने का लक्ष्य मिला था। गत वर्ष बीज के लिए 245 का लक्ष्य विभाग को मिला था। गत वर्ष लक्ष्य से अधिक 262 सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजा गया था जिसमें से 257 बीज का सैंपल की रिपोर्ट मानक आई थी और 5 अमानक पाया गया था। इसी तरह खाद का भी लक्ष्य 210 था इसमें भी लक्ष्य से अधिक 214 का सैंपल लिया गया था जिसमें सभी 213 की रिपोर्ट मानक और एक सैंपल की रिपोर्ट अमानक पाई गयी थी। उन्होंने बताया कि हर साल की तरह जो भी खाद व बीज के सैंपल अमानक पाए जाते हैं उनके लाट को बाजार से वापस मंगाकर उस पर बिक्री करने का प्रतिबंध लगाया जाता है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों से अमानक खाद-बीज की संख्या में कमी आई है।

**चिंता:** फसलों के नुकसान का आंकलन करने नहीं पहुंचा राजस्व अमला

# लगातार बेमौसम बारिश से खेतों में डूबी फसल, बालियां अंकुरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रबी फसल धान लेने वालों के लिए इस साल बेमौसम बारिश मुसीबत बन गई है। मेहनत मजदूरी कर किसानों ने जैसे -तैसे फसल पकने का इंतजार किया था, लेकिन आफत की बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी। खेतों में लहलहा रही फसल अब पानी में डूब गई है, जिससे किसानों के माथे पर अब चिंता की लकीरें देखी जा रही है।

बीते 10 दिनों से रूक-रूक कर हो रही तेज बारिश से फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। अब ऐसे में किसानों की लागत भी नहीं निकल पा रही है। क्षेत्र के लाफिन खुर्द, चिंगरौंद, बम्हनी, लाफिन कला में आधे किसानों की फसल की कटाई नहीं हुई है। धान की खड़ी फसल अभी भी खेत पर है, जिसमें धान की बाली पर अंकुरण भी शुरू हो गया है। खेतों में पड़ी फसल डूब चुकी है, जिससे अब काटने में भी परेशानी हो रही है। हालात यह है कि किसानों ने रबी फसल धान के लिए जो लागत लगाई थी, वह भी निकलती नजर नहीं आ रही है। किसानों का कहना है कि जब से रबी फसल धान की कटाई शुरू हुई है तब से लेकर आज तक हर एक-दो दिन में हो रही बारिश से फसलों को नुकसान हो रहा है। लेकिन, राजस्व अमला फसलों के नुकसान का आंकलन करने अभी तक नहीं पहुंचा है। लाफिन के किसान धुरुत राम साहू ने बताया कि जैसे -तैसे किसान फसल की कटाई कर घर-खलिहान पर ले आए हैं, लेकिन लगातार हो रही बारिश से फसलों को बचाने के लिए रखवाली कर रहे हैं। इस बार रबी फसल मंडी में भी धान का रेट नहीं है, ऊपर से लागत की राशि भी हमें नहीं मिल पा रही है, जिससे दोहरी मारा हमें पड़ रही है। किसान अब रबी फसल से हो रहे नुकसान को देखते हुए दलहन तिलहन लगाने की बात भी कह रहे हैं। लाफिन के ही किसान भागीरथी साहू ने कहा कि एक ओर बारिश ने हाल बेहाल कर रखा है तो वहीं दूसरी ओर खेतों में पानी भरने से और नमी आने के कारण अब हार्वेस्टर भी नहीं जा पाएंगे, जिस पर से अब किसानों को नई तकनीकी से लैस चैन हार्वेस्टर की ओर जाना पड़ रहा है, जिसकी लागत हार्वेस्टर से महंगी है। जैसे तैसे खेतों में पड़े पानी में भीगी हुई फसल की कटाई चैन हार्वेस्टर से ही कर कुछ धान बचाया जा सका, नहीं तो आने वाले दिनों में अगर फसल की कटाई नहीं होगी तो पूरी फसल सड़ जाएगी और अंकुरित हो जाएगा। किसान लोकनाथ साहू ने बताया कि रबी की फसल में धान में हो रहे नुकसान और घटते जल स्तर को देखते हुए प्रशासन ने भी किसानों से अपील की थी कि रबी के सीजन में दलहन और तिलहन की फसल ली जाए, लेकिन किसानों ने धान फसल की ओर ही ध्यान दिया। अब लगातार ओलावृष्टि और बे मौसम बारिश से परेशान हैं । अब दलहन -तिलहन लेने और फसल चक्र परिवर्तन की ओर सोच रहे हैं।



### अगले 5 दिन बारिश की संभावना

इधर ,ग्रीष्मकालीन धान न लेने वाले किसान या जिनके धान फसल की कटाई हो चुकी है उनके लिए प्री-मानसूनी बारिश ने अच्छे संकेत दिए हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में बारिश के साथ तेज आंधी और तूफान की संभावना के चलते रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार महासमुंद सहित 8 जिलों को अगले 5 दिनों के लिए रेड अलर्ट जोन में रखा गया है। इन जिलों में बारिश के साथ 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान आने की संभावना भी जताई गई है। जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है। मौसम विभाग ने पहले ही अगले 5 दिनों तक प्रदेश में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है, जिसमें गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है।

### बेमौसम बारिश से फसल नुकसान, मुआवजा दें



जिला पंचायत सदस्य एवं किसान नेता जागेश्वर जुगनू चंद्राकर ने कहा कि किसानों को खेतों की फसल काटने, सूखाने से लेकर भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। खेत गीला होने के कारण चैन हार्वेस्टर से कटाई करनी पड़ रही है जिससे डेढ़ गुना अधिक लागत लग रही है। वहीं खलिहान में रखी फसल भीग जाने से अंकुर आने से नुकसान हो रहा है। जिससे किसानों की लागत भी वसूली नहीं हो पर रही है। किसान कर्ज से लद जा रहे हैं, अन्नदाता किसानों को आर्थिक मानसिक पीड़ा से निकालने फसल नुकसान का आंकलन कर किसानों को मुआवजा दिया जाना चाहिए।

# बुजुर्ग की डंडे से पीट-पीटकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

## बीच बचाव करने आए मृतक के बेटे को आई चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम मनुबन (भंवरचुआ) की है। जहां गांव के 65 वर्षीय बुजुर्ग महेश यादव की कुछ लोगों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी।

मृतक के परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार मृतक महेश यादव का बेटा शराब का आदी हो गया था और घर का राशन, चावल यहां तक कि बर्तन तक बेचकर नशे के लिए पैसे जुटाता था। इससे आहत होकर महेश यादव ने गांव में शराब बेच रहे परिवार से शराब बिक्री बंद करने की गुजारिश की थी। यह बात शराब माफियाओं को इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने महेश यादव पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, शराब बेचने वाले परिवार के कई सदस्य एक साथ बुजुर्ग पर टूट पड़े और उसे इतनी बेरहमी से पीटा कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। वहीं बीच बचाव के लिए आए मृतक के बेटे नंदलाल यादव को भी गंभीर चोट आई है। सूचना मिलने पर भंवरपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि जांच चल रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। वे प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए और गांव में अवैध शराब पर रोक लगाई जाए।



# बसना बीईओ कार्यालय में बिजली बिल भुगतान के नाम पर राशि आहरित, लिपिक निलंबित

**महासमुंद।** बसना बीईओ कार्यालय में बिजली बिल भुगतान के नाम पर राशि आहरित कर शासकीय राशि गबन करने के मामले में संभागीय संयुक्त संचालक ने संबंधित कक्ष प्रभारी लिपिक को निलंबित कर प्रकरण शासन को भेज दिया है। मालूम हो कि आरटीआई कार्यकर्ता विनोद कुमार दास एवं विवेक साहू ने संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर में शिकायत की थी कि बिजली बिल मद की राशि चेक के माध्यम से तात्कालीन कक्ष प्रभारी सूर्यकांत मिश्रा एवं बीईओ जोइधाराम डहरिया ने 6 लाख 23 हजार 348 रुपये आहरण किया है। लेकिन इस राशि को बिजली बिल में जमा नहीं किया। बिल वाउचर मांगने पर बीईओ एवं लिपिक एक -दूसरे पर आरोप -प्रत्यारोप लगाने लगे। निकाली गई राशि अब तक जमा नहीं की गई है, जो गबन की श्रेणी में आता है। संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पांडेय ने इस मामले की जांच में जोइधाराम डहरिया एवं सूर्यकांत मिश्रा दोनों को दोषी पाया। जिस पर सूर्यकांत मिश्रा सहायक ग्रेड 02 को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा(वर्गीकरण, नियत्रंण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में मिश्रा को जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगी, एवं मुख्यालय बीईओ कार्यालय सिमगा नियत किया गया है।

# नशे का अवैध व्यापार करने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- ग्राम बेलसोंडा की महिलाओं ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

ग्राम बेलसोंडा में नशे के अवैध व्यापार करने वालों पर एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग महिलाओं ने सिटी कोतवाली महासमुंद में ज्ञापन सौंपकर की है।

महिलाओं ने ज्ञापन में कहा है कि मोहल्ले में कोई लोगों द्वारा गांजा, शराब, नशीली गोली और अन्य नशीली सामग्री का खुलेआम अवैध कारोबार किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा मना किया गया तो जान से मारने की धमकी दी जाती है। नशे के कारण ग्राम का माहौल खराब हो गया है और छोटे-छोटे बच्चे नशे के आदी हो गए है। महिलाओं ने नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों पर एफआईआर दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।



# सड़क सुरक्षा टीम ने किया दुर्घटना स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- फंसे लोगों को निकालने में मदद करने वाले का होगा सम्मान
- यातायात नियमों का पालन कराने व दुर्घटना रोकने के आवश्यक उपाय करने के दिए निर्देश

तुमगांव थाना अंतर्गत कोडार के पास 24 मई को एनएच-53 पर बिना संकेतक साइड लाइन के अंदर खड़े हाइवा में कार घुस जाने से तीन मौतों के बाद सोमवार को लीड एजेंसी एवं जिला सड़क सुरक्षा टीम ने सड़क दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया और एनएच पर यातायात नियमों का पालन कराने व दुर्घटना रोकने के आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। बता दें कि शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि नरहरपुर (कांकेर) में एसबीआई बैंक में मैनेजर के पद पर पदस्थ चंदन अभिषेक (42), उनकी पत्नी, एक बच्चा, माता-पिता, चालक के साथ अपनी कार क्रमांक आरजे 09 सीडी 1008 से झारखंड बोकारो से रायपुर जा रहे थे। रात करीब एक बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर कोडार के पास खड़े हाइवा क्रमांक सीजी 13 बीडी 7222 से उनकी कार पीछे से घुसी। हादसे में चंदन के पिता अवध किशोर पाण्डेय (69), माता चित्रलेखा पाण्डेय (65) व चालक ईश्वर ध्रुव (34) की मौके पर ही मौत हो गई। चंदन और उनकी पत्नी खुशबू कुमारी और 6 वर्ष का बेटा ध्रुव अभिषेक गंभीर रुप से घायल हो गए। इस गंभीर हादसे के बाद सोमवार को राज्य लीड एजेंसी के अध्यक्ष संजय शर्मा सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात पुलिस मुख्यालय रायपुर ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रेट्रो रिफ्लेक्टर स्ट्रीप लगाने, साइड लाइन मार्किंग, आवश्यक यातायात संकेत लगाने व पेट्रोलिंग वाहन से लगातार पेट्रोलिंग करने निर्देश दिए। साथ ही कार में फंसे लोगों को निकालने में मदद करने वाले कोडार निवासी यशवंत ध्रुव को सम्मानित करने के निर्देश दिए। घटनास्थल निरीक्षण में जिला सड़क सुरक्षा समिति की संयुक्त टीम में परिवहन विभाग से जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव, पुलिस विभाग से उपपुलिस अधीक्षक यातायात घनेंद्र ध्रुव और थाना तुमगांव से विवेचक मोहम्मद आबिद खान, थाना स्टाफ व यातायात स्टाफ उपस्थित रहे।

**नवीन पाठ्यपुस्तकों पर 6 दिवसीय (माध्यमिक स्तर) प्रशिक्षण का आयोजन**

# विज्ञान मास्टर ट्रेनर्स को मिला एससीईआरटी से प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एससीईआरटी छग रायपुर द्वारा नवीन पाठ्यपुस्तकों पर 6 दिवसीय (माध्यमिक स्तर) प्रशिक्षण का आयोजन संचालक एससीईआरटी ऋतुराज रघुवंशी के मार्गदर्शन में एससीईआरटी रायपुर छग में किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला महासमुंद से जिला प्रशिक्षक डीआरजी के रूप में दुर्गा सिन्हा व्याख्याता डाइट महासमुंद, नरेश साहू शिक्षक बृजराज पाठशाला, खेमलता प्रधान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सांकरा एवं नकुल राम साहू पूर्व माध्यमिक शाला अरंड से सम्मिलित हुए। कक्षा 6 के नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण के प्रथम चरण में विषय विज्ञान और संस्कृत के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन 19 मई को हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य एनईपी 2020 के अनुपालन में निर्मित एनसीएफ के आधार पर एनसीईआरटी द्वारा तैयार की गई पाठ्यपुस्तकों को राज्य के सन्दर्भ में अनुकूलित करते हुए इसे सत्र 2025-26 से राज्य में लागू किया जाना है। शिक्षकों को इन नवीन पाठ्यपुस्तकों के सन्दर्भ में, उसके शिक्षण शास्त्रीय उपागम और कक्षा में उसके बेहतर उपयोग के सम्बन्ध में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।



एनईपी आधारित नवीन पाठ्यपुस्तकों की समझ विकसित करना, अवधारणात्मक समझ के लिए विविध पेडागॉजी की जानकारी देना एवं उस पर समझ विकसित करना, गतिविधि के माध्यम से अनुभवात्मक ज्ञान देना, पाठ्यपुस्तकों के पाठों में अन्तर्निहित भारतीय ज्ञान परम्परा, पर्यावरण शिक्षा, आईसीटी शिक्षा, समावेशी शिक्षा, मूल्य शिक्षा, अंतरविषयी शिक्षा इत्यादि की समझ विकसित करना जैसे उद्देश्यों को लेकर आयोजित इस प्रशिक्षण में व्यावसायिक शिक्षा, कला शिक्षा, योग शिक्षा को विषय अध्यापन में समेकित करने पर भी विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे है। प्रशिक्षण का मुख्य फोकस विज्ञान विषय की नवीन पाठ्य पुस्तक जिज्ञासा रहा, जिसमें माध्यमिक स्तर के बच्चों को गतिविधि एवं अनुभव आधारित शिक्षण पर जोर दिया गया है। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न करने पर जिला के चारों मास्टर ट्रेनर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

**खबर संक्षेप**

## मोबाइल-बाइक की लूट 4 के खिलाफ केस दर्ज

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र के चंडीनगर में लूटपाट की घटना हो गई। शौच करने जा रहे एक व्यक्ति को चार युवकों ने रोककर उसका मोबाइल और बाइक लूटकर फरार हो गए।




घटना 27 मई की तड़के करीब 5.45 बजे की है। प्रार्थी होमराम साहू निवासी सृष्टि इम्पीरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह घटना के समय अपनी बाइक से शौच के लिए घर से निकला था, तभी रास्ते में दो स्कूटी पर सवार चार युवक उसके पास पहुंचे और रास्ते में रोककर उसका वाहन और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 309-6, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## निर्माणाधीन मकान से एक लाख की चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने निर्माणाधीन मकान में चोरी की घटना के मामले में केस दर्ज किया है। प्रार्थी हरीश कुमार तारवानी



निवासी टिल्लू चौक लाखेनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि देवपुरी में उसका मकान निर्माणाधीन है। उक्त मकान में 24-25 मई की दरमियानी रात कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर अंदर घुसा और 2 नग ब्रेकर मशीन, ड्रिल मशीन व अन्य सामान चोरी कर ले गया। चोरी गए सामानों की कुल कीमत लगभग एक लाख रुपए आंकी गई है।

## लैपटॉप-मोबाइल पार

**रायपुर।** सत्यम विहार कॉलोनी स्थित एक घर से अज्ञात चोर लैपटॉप और मोबाइल चोरी कर ले गया। प्रार्थी मानिका साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि विगत 13 मई



की रात उसके घर का दरवाजा खुला हुआ था। इसी दौरान कोई अज्ञात चोर घर में प्रवेश किया और एक लैपटॉप और मोबाइल चोरी कर ले गया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## शराब पीने पैसे नहीं देने पर धमकी, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी प्रदीप यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 मई को शाम साढ़े छह बजे वह काम से घर आ रहा था। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला अमित यादव मिला, जिसने शराब पीने के लिए उससे पैसों की मांग की। उसने जब इंकार किया तो इस बात पर आरोपी ने चाकू से मार दूंगा कहते हुए धमकी दी और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### अच्छी ग्रेडिंग के लिए लेन-देन की शिकायत आने के बाद 700 प्राध्यापकों को यूजीसी ने किया था बाहर

# इंतजार करता रहा दुर्गा कालेज, नहीं आई नैक टीम, वर्चुअल निरीक्षण, ऐसा प्रदेश में पहली बार

रुचि वर्मा ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राजधानी के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित दुर्गा महाविद्यालय में नैक टीम ने आने से ही इनकार कर दिया। महाविद्यालय प्रबंधन नैक ग्रेडिंग के लिए आवेदन करने के बाद निरीक्षण का इंतजार कर रहा था, लेकिन अंतिम वक्त में नैक टीम द्वारा वर्चुअल निरीक्षण का फैसला किया गया। प्रदेश में यह पहली बार है, जब नैक ने किसी महाविद्यालय का निरीक्षण वर्चुअल मोड में किया गया है। देशभर में अब तक दो राज्यों में इस तरीके ने निरीक्षण किया गया है। इसमें महाराष्ट्र के 2 महाविद्यालय तथा पं.बंगाल का एक महाविद्यालय शामिल है।

भौतिक निरीक्षण के लिए आने पर टीम दो दिनों तक महाविद्यालयों का निरीक्षण करती है। वर्चुअल निरीक्षण के दौरान भी दो दिनों तक कैंपस का जायजा लिया गया। प्राध्यापकों से सवाल भी पूछे गए। महाविद्यालय द्वारा नैक टीम को निरीक्षण के लिए तीन तिथियां दी गई थी। नैक ने वर्चुअल निरीक्षण 16 व 17 मई को किया। इस दौरान वे संपूर्ण प्रक्रिया अपनाई गई जो ऑफलाइन निरीक्षण के दौरान अपनाई जाती रही है।

**महाराष्ट्र के 2 तथा पश्चिम बंगाल के एक महाविद्यालय का निरीक्षण इसी पद्धति से**

### ग्रेडिंग का महत्व दक्षिण के महाविद्यालयों में अधिक

निजी महाविद्यालय संघ के सचिव डॉ.देवाशीष मुखर्जी के मुताबिक, नैक ग्रेडिंग का महत्व अपेक्षाकृत दक्षिण भारत के महाविद्यालयों में अधिक है। यहां पालक और छात्र ग्रेडिंग देखकर ही दाखिला लेते हैं। इसके उलट मध्य भारत के महाविद्यालयों में छात्र शासकीय तथा प्राचीन और प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में प्रवेश लेते हैं। यह भी एक कारण है कि अच्छी ग्रेडिंग प्राप्त करने के लिए दक्षिण भारत के महाविद्यालयों द्वारा अधिक राशि दिए जाने की बात सामने आई। हालांकि प्रदेश के महाविद्यालयों में भी नैक रिश्वत कांड से पहले नैक ग्रेडिंग के लिए आने वाली टीम का स्वागत किसी बाराती की तरह किया जाता रहा है।



### रविवि ने पहली बार जताई असंतुष्टि

पं.रविशंकर शुक्ल विवि को नैक द्वारा दो वर्ष पूर्व बी प्लस ग्रेड दिया गया था। इससे असंतुष्ट रविवि द्वारा पांच वर्ष पूर्ण होने के पहले ही दोबारा ग्रेडिंग के लिए आवेदन दिया है। रविवि के इतिहास में यह पहली बार है, जब विवि द्वारा नैक ग्रेडिंग से असंतुष्टि जताते हुए दोबारा आवेदन दिया गया हो। सूत्रों के अनुसार, रविवि ने इसके लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई पूर्ण करते हुए मांगे गए दस्तावेज भेज दिए हैं। यहां भी जल्द ही नैक टीम के निरीक्षण के लिए आने और विश्वविद्यालय को नई ग्रेडिंग मिलने की संभावना है।

### नैक का प्रस्ताव

यह हमारा फैसला नहीं था। नैक का प्रस्ताव था। हमारे पास कोई विकल्प नहीं था। देश के दूसरे राज्यों में ऐसा हो चुका है, लेकिन छग में दुर्गा महाविद्यालय पहला है।

**- डॉ. प्रोतिभा मुखर्जी,** प्राचार्य दुर्गा महाविद्यालय

### यूजीसी के पास निरीक्षण के लिए प्राध्यापक नहीं

गौरतलब है कि बीते दिनों महाविद्यालयों को अच्छी ग्रेडिंग देने के बदले रिश्वत नैक टीम द्वारा रिश्वत लेने का मामला सामने आया था। देशभर के महाविद्यालयों में नैक निरीक्षण के लिए एक हजार प्राध्यापकों की टीम यूजीसी ने बनाई थी। रिश्वत का मामला सामने आने के बाद यूजीसी ने 700 प्राध्यापकों को बाहर का रास्ता दिखाया था। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, इन 700 प्राध्यापकों को बाहर निकाले जाने के बाद यूजीसी के मैन पॉवर में कमी आ गई है। यही कारण है कि प्रत्येक महाविद्यालय में ग्रेडिंग के लिए टीम नहीं भेजी जा रही है। इसके अलावा रिश्वत संबंधित मामले से खराब हुई छवि को भी सुधारने की कोशिश नैक कर रहा है। यूजीसी द्वारा नैक ग्रेडिंग के लिए दो विकल्प भी दिए जा रहे हैं। इनमें से पहला विकल्प ऑनलाइन है। इसे स्वीकार करने पर महाविद्यालय को संपूर्ण दस्तावेज यूजीसी को ऑनलाइन भेजने होंगे। इसके बाद महाविद्यालय को ग्रेडिंग नहीं दी जाएगी, उन्हें केवल नैक ग्रेडेड होने का तमगा मिलेगा। जबकि दूसरा विकल्प ऑफलाइन का है। इसका चुनाव करने पर पूर्व की भांति टीम निरीक्षण के लिए आएगी और ए, बी, सी सहित अन्य ग्रेड देगी। दुर्गा महाविद्यालय द्वारा दूसरे विकल्प का चुनाव किया गया था, लेकिन टीम ने वर्चुअल निरीक्षण किया।

# राज्य सूचना आयुक्त पद के लिए आज होगा इंटरव्यू कई पूर्व अफसर दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 28 मई को इंटरव्यू होगा। इससे पहले आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए दावेदारों के इंटरव्यू का काम पूरा हो गया है। इसके लिए बनाई गई कमेटी ने इंटरव्यू के बाद नाम की अनुशंसा राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग को सौंप दी है। अब सरकार



मुख्य सूचना आयुक्त के नाम की घोषणा करेगी। राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और आयुक्त का पद लंबे समय से खाली है। राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त रहे सेवानिवृत्त आईएएस एमके राउत 2022 में आयोग से विदा हो गए थे। इसी तरह आयोग में आयुक्त रहे सेवानिवृत्त आईएएस अशोक अग्रवाल भी नवंबर 2022 में ही सेवानिवृत्त हो गए थे। तब से दोनों पद खाली है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने दोनों पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे, लेकिन नियुक्ति नहीं हो पाई थी। अब मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए इंटरव्यू हो चुका है, जबकि राज्य सूचना आयुक्त के लिए 28 मई को इंटरव्यू होना है। इस संबंध में आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद दोनों पदों पर जल्द नियुक्ति का आदेश जारी होगा।

**दोनों पदों के लिए ये हैं प्रमुख दावेदार** _सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के दो पदों के लिए 33 दावेदार हैं, इसी तरह राज्य सूचना आयुक्त के एक पद के लिए 51 दावेदारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। मुख्य सूचना आयुक्त के प्रबल दावेदारों में राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा, पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी, पूर्व आईएएस संजय कुमार अलंग, त्रिलोकचंद महावर और उमेश कुमार अग्रवाल के नाम हैं।

# नगर में राष्ट्रीय रेजांगला कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

रेजांगला रज कलश यात्रा का सरायपाली नगर आगमन हुआ। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के तत्वावधान में इस पवित्र रज कलश यात्रा का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में किया गया।

यह कलश यात्रा रायगढ़ सारंगढ़ मार्ग से होते हुए झिलमिला पुराना चेक पोस्ट चौक पहुंचने पर सामाजिकजनों द्वारा स्वागत किया गया। पश्चात इस कलश यात्रा को झिलमिला चौक से बाइक रैली द्वारा पूरे नगर में भ्रमण कराकर पीडब्लूडी के विश्राम गृह में श्रद्धांजलि सभा में परिवर्तित हुआ। इस सभा में 1962 के भारत-चीन के भीष्ण युद्ध में रेजांगला पोस्ट पर 114 वीर सैनिक शहीद हुए थे, इसमें 112 सैनिक अहीर यादव थे। भारत देश की खातिर बलिदान देने वाले इन्हीं सैनिकों की याद में यह रज कलश यात्रा आरंभ किया गया है, जो पूरे भारत देश में भ्रमण कर रहा है। रज कलश यात्रा का सरायपाली नगर में




आगमन का गौरव प्राप्त हुआ। इस सभा में भारत सरकार से अहीर रेजिमेंट की मांग की गई। इस राष्ट्रीय रज कलश यात्रा में कलश को लेकर राष्ट्रीय सह संयोजक किरण कुमार यादव, राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एसडी यादव, अर्जुन यादव, अजय यादव, अश्वनी यादव, जिला अध्यक्ष रायगढ़ संतोष यादव, सारंगढ़ जिला संरक्षक राम नारायण पुजारी यादव,जिला अध्यक्ष सारंगढ़ राजेंद्र यादव सरायपाली पहुँचे थे। कलश को अपने हाथ लेकर रथ में नरेंद्र कुमार यादव द्वारा पूरे शहर का भ्रमण कराया गया। सभा में मंच पर प्रमुख रूप से संरक्षकगण मनोरथ लाल यादव, ध्रुव मलिक यादव, रथराम यादव व कार्यकारी जिला अध्यक्ष पवन यादव, पूर्व सैनिक मदन दीप यादव, रामरथ यादव हेमन्त यादव, मनीराम यादव, भीम यादव आदि मंचासीन थे। स्वागत के दौरान राजेंद्र कुमार यादव राजू, जय यादव, नंदलाल यादव, वीरेंद्र यादव, करण यादव, मोहन यादव, टिंकू यादव, फगुलाल यादव, संजू यादव, शैलेंद्र यादव, महेंद्र यादव, पदमन यादव, निर्मल यादव, मयंक यादव, तुषार यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, अंबर यादव, योगेश यादव, ऋषि यादव, लक्षित यादव, देवेश यादव, दिव्य यादव, भूपेश यादव, गोलू यादव, चंदकिशोर यादव एवं दिनेश कुमार यादव उपस्थित थे। सभा कार्यक्रम का संचालन दाशरथी यदु ने किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने किया।

# जिले के 20 स्काउट-गाइड पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर के लिए पचमढ़ी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन के वित्तीय अनुदान से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय पर्वतारोहण व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन 29 मई से 2 जून तक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय साहसिक संस्थान पचमढ़ी मध्यप्रदेश में आयोजित किया गया है। इस शिविर में महासमुंद जिला से 20 प्रतिभागी स्काउट, गाइड, रोवर, रेजर, प्रभारी भाग ले रहे हैं।

शिविर में जाने से पूर्व स्काउट गाइड के जिला प्रशिक्षण केंद्र महासमुंद में सभी प्रतिभागी को शिविर के आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, उपाध्यक्षगण जय पवार, आनंद साहू, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय कुमार लहरे, जिला आयुक्त गाइड अमी रूफस, मुख्यालय आयुक्त स्काउट नंद किशोर सिन्हा, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर, डीओसी स्काउट अवधेश विश्वकर्मा, ब्लाक सचिव लता




वैष्णव, प्रभारी के रूप में पचवढ़ी जाने वाले राजकुमारी बंजारे, गगन तोंडेकर एवं स्काउट गाइड उपस्थित थे।

जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे जिलाभर से इस शिविर में शामिल होने के लिए 20 लोगों का चयन किया गया है। आप सौभाग्य शाली हैं, जो आपका चयन इस शिविर के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की तारीफ नहीं होती है, उनके व्यक्तित्व की तारीफ होती है, हम जिस कुर्सी पर बैठे हैं उस कुर्सी में हमारा व्यवहार कैसा हो, हम कैसे अनुशासित रहें, इस बात पर हमें ध्यान देना चाहिए। सीखने की कोई उम्र नहीं होती, स्काउट हमें समर्पण सिखाता है।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय कुमार लहरे ने स्काउट गाइड को आशीर्वचन के रूप में कहा कि जहां आप जा रहे हैं, बहुत ही शानदार जगह है। शिविर से व्यकित्व विकास, मानसिक विकास और शरीर का विकास होता है। मानसिक विकास सोचने समझने दोनो गुणों का विकास स्काउट गाइड से जुड़ने से होता है। गाइड कमिश्नर अमी रूफस ने बच्चों से कहा कि ये बहुत ही सुनहरा अवसर है कि आपका चयन इस शिविर के लिए किया गया है। शिविर में आप सभी अपने प्रभारी शिक्षकों के मार्गदर्शन में ही कार्य करेंगे, कोई भी ऐसा कार्य नहीं करेंगे, जिससे हमारे जिले का नाम खराब हो। स्काउट गाइड हमें अनुशासन सीखाता है, हमें अनुशासित रहकर ही शिविर के नियमों का पालन करना होगा। कार्यक्रम का संचालन डीओसी गाइड लीनू चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया।

# पुलिस ने तस्करों को दबोचा, चीतल की खाल-हिरण के सींग जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वन विभाग की टीम ने मंगलवार को राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड पर ज्ञान गंगा स्कूल के पास जानवरों की खाल और अवशेषों की तस्करी करने वाले एक गिरोह को पकड़ा है। इसके कब्जे से चीतल की खाल और हिरण की 5 सींग बरामद की गई हैं। ये तीनों बोलेरो वाहन में सवार होकर रायपुर में जानवर की खाल और अवशेष को बेचने के लिए पहुंचे थे। इनमें दो आरोपी कसडोल क्षेत्र के और एक रायपुर का रहने वाला है। विभागीय अधिकारी के अनुसार खाल और सींग का लगभग दो लाख रुपए में सौदा हुआ था। इस सौदे के तहत तीनों आरोपी मौके पर खरीदार का इंतजार कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि इस कार्रवाई में खरीदार का पता नहीं चल पाया है। विभाग उसके बारे में तस्करों से पूछताछ कर रही है। वन विभाग रायपुर को मुखबिर से सूचना मिली कि अपरान्ह करीब 3 से 4 बजे के दौरान बोलेरो वाहन से कुछ लोग जानवरों की खाल और अवशेषों को बेचने के लिए कसडोल से रायपुर स्थित विधानसभा रोड पर ज्ञान गंगा स्कूल के पास आने वाले हैं। इस सूचना पर एसडीओ व राज्य स्तरीय उड़न दस्ता प्रभारी संदीप सिंह और वन मंडल रायपुर उड़नदस्ता प्रभारी रेंजर दीपक तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने तस्करों को पकड़ने के लिए दो घंटे पहले से ही मौके पर जाल बिछाया। अपरान्ह करीब 3.45 बजे एक बोलेरो वाहन मौके पर पहुंचा, जिस पर तीन लोग सवार थे। टीम ने थोड़ी देर इंतजार करने के बाद घेराबंदी कर बोलेरो वाहन को पकड़कर उसकी तलाशी ली, जिसमें से चीतल की खाल और हिरण के 5 सींग बरामद किए।

# गांव वालों के विरोध के बीच नंदनवन से जंगल सफारी शिफ्ट हुए तेंदुआ और लकड़बग्घा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गांववालों के विरोध के बीच आखिरकार मंगलवार को नंदनवन में सालों से विभागीय अनदेखी के शिकार हो रहे 3 तेंदुआ और एक लकड़बग्घा को जंगल सफारी में शिफ्ट कर दिया गया। विरोध में उतरे ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया है कि नंदनवन में मौजूद हिरणों की शिफ्टिंग नहीं की जाएगी।

- **नंदनवन में हो रहे थे विभाग की अनदेखी के शिकार**

अधिकतर जानवरों को जंगल सफारी में शिफ्ट किये जाने के बाद नंदनवन उजाड़ सा हो गया है। कुछ समय पहले यहां एक उम्रदराज तेंदुआ की मौत हो गई थी। इसके बाद यह बातें सामने आने लगी थीं कि 40 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के होने के बाद भी यहां जानवरों का देखभाल अच्छे से नहीं की जाती। विवाद के बाद जानवरों को जंगल सफारी शिफ्ट किये जाने पर सहमति बनी थी। सोमवार को विभागीय स्तर पर इसकी तैयारी थी, मगर आसपास के ग्रामीणों ने इसका विरोध कर दिया। उनका तर्क था कि सारे जानवरों को जंगल सफारी ले जाने से यहां कोई भी पर्यटक नहीं आएगा और पचास साल पहले बना नंदनवन वीरान हो जाएगा। काफी समझाने के बाद ग्रामीण हट गए, मगर मंगलवार को शिफ्टिंग के दौरान फिर समस्या आन खड़ी हुई। ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि नंदनवन में मौजूद हिरणों को शिफ्ट नहीं किया जाएगा। इससे पर्यटकों की आवाजाही यहां बनी रहेगी। अफसरों के इस वायदे के बाद तेंदुआ और लकड़बग्घों की शिफ्टिंग पूरी हुई।

### अब तक रविवि अध्ययनशाला में ही थी यह व्यवस्था, कॉलेजों में मेरिट के आधार पर मिलते रहे हैं दाखिले

# दिल्ली विवि की तर्ज पर रविवि के कॉलेजों में भी दाखिले के लिए परीक्षा, फिलहाल केवल लॉ में प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा डीयू की तर्ज पर प्रयोग करते हुए विधि पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नई व्यवस्था बनाई गई है। अब रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित विधि पाठ्यक्रम में भी दाखिले के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा दिलानी होगी। इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित बीएएलएलबी और एलएलएम पाठ्यक्रम में दाखिले विवि द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से दिए जाएंगे। ऐसे में जो छात्र इन विषयों में एडमिशन लेना चाहते हैं।

**रविवि द्वारा जारी की गई अधिसूचना, प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से ही मिलेगा विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश**

### सीट से कई गुना अर्जी

जिन पाठ्यक्रमों में सीट से कई गुना अर्जी आती है, उसमें ही यह फॉर्मूला अपनाया जाता है। फिलहाल विधि पाठ्यक्रम में ही यह स्थिति है। बीए, बीकॉम आदि में अंतिम चरण तक प्रवेश मिल ही जाते हैं।

**- डॉ.देवाशीष मुखर्जी,** सचिव निजी महाविद्यालय संघ



### नियम दर किनार कर दाखिले

शासकीय महाविद्यालयों में मेरिट आधार पर ही प्रवेश दिए जाते रहे हैं, लेकिन बीते एक-दो सत्रों से निजी महाविद्यालयों में नियम दर किनार कर दाखिले दिए जाने की शिकायत प्राप्त होती रही है। रविवि सहित प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों में विधि पाठ्यक्रम की सीटें सीमति हैं। इन विषयों में प्रवेश के लिए प्रत्येक वर्ष मारामारी की स्थिति रहती है। छात्रों में लॉ कोर्स के लिए क्रेज भी है। इसका भी फायदा निजी महाविद्यालय उठाते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लॉ संबंधित नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करने अथवा पहले से संचालित पाठ्यक्रम में सीट वृद्धि के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता अनिवार्य होती है। कड़े मापदंड होने के कारण ही लॉ सीटें सीमित हैं।

## खबर संक्षेप

### एकता कांट्रेक्टर एसो की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**रायपुर।** पंडरी स्थित एक होटल में मंगलवार को एकता कांट्रेक्टर एसोसिएशन की राष्ट्र स्तरीय बैठक हुई। बैठक में महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के इंडियन ऑयल, एचपीसीएल, भारत पेट्रोलियम के लगभग 50 ठेकेदार शामिल हुए। ओडिशा से कुमुद रंजन एवं विभु कल्याण समेत छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से भी अनेक ठेकेदारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक के आरंभ में पूर्व कार्यकारिणी को भंग करते हुए नए चुनाव पर सहमति बनी। इसके बाद यश अग्रवाल एवं अजय दुबे ने अध्यक्ष पद के लिए यशवंत पुरोहित का नाम प्रस्तावित किया, जिसे सभी ने हाथ उठाकर अपना समर्थन दिया। यशवंत पुरोहित ने सचिव पद के लिए अविनाश धामने का नाम प्रस्तावित किया, इन्हें भी सर्वसम्मति से समर्थन प्राप्त हुआ। इसी दौरान समस्त ठेकेदारों ने गंभीरता से चर्चा की और समाधान के लिए निर्णय लेने के लिए समय-समय पर कार्यशालाएं आयोजित करने का सुझाव दिया।

### शिवसेना शिंदे का संगठन विस्तार, आगामी कार्ययोजना पर चर्चा भी

**रायपुर।** शिवसेना के प्रधान कार्यालय में विगत दिनों एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई। इस बैठक में यूबीटी के एचएन सिंह, संजय नाग, सनी देशमुख, संतोष मारकंडे, बल्लू जांगड़े, साई प्रजापति, विजय, प्रमोद साहू सहित सैकड़ों शिवसैनिकों शामिल हुए। बैठक में संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसी दौरान बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हिंदुत्व, राष्ट्रहित तथा प्रदेश विकास के उद्देश्यों को लेकर सभी शिवसैनिक अब शिवसेना (शिंदे) पार्टी के नेतृत्व में कार्य करेंगे। इसी दौरान पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए, जिसमें प्रदेश महासचिव एचएन पालीवान और संजय नाग को बनाया गया। इसी प्रकार युवा सेना के प्रदेशाध्यक्ष सनी देशमुख, कामगार सेना के प्रदेश महासचिव संतोष मारकंडे और कामगार सेना प्रदेश उपाध्यक्ष बल्लू जांगड़े को बनाया गया। सभी पदाधिकारियों को भगवा गमछा पहनाकर सम्मानपूर्वक नियुक्ति दी गई।

### मेडिकल भत्ते की मांग, सड़क पर कृषि विवि के कर्मचारी

**रायपुर।** कृषि विवि में विरोध-प्रदर्शन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बाद अब मंगलवार को विवि के तकनीकी कर्मचारी भी विरोध-प्रदर्शन पर उतर आए। कर्मचारियों ने विवि प्रशासन पर भेदभावपूर्ण नीतियों का आरोप लगाया है।

## आयोजन : नपाध्यक्ष ने स्वच्छता दीदियों को किया सम्मानित

# अहिल्या बाई ने अपना पूरा जीवन देश हित में किया समर्पित : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पुण्य श्लोक देवी अहिल्या बाई होलकर की त्रि-शताब्दी जयंती पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष साहू ने स्वच्छता दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि रानी अहिल्या बाई होलकर ने अपना पूरा जीवन समाजसेवा, नारी शसक्तीकरण व देशहित में समर्पित कर दिया। उन्होंने स्वच्छता दीदियों को उनके त्याग, साहस और नेतृत्व क्षमता से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अहिल्या बाई ने नारी सशक्तिकरण का




आदर्श प्रस्तुत करते हुए एक कुशल प्रशासक के रूप में देश का मार्ग प्रशस्त किया। देवी अहिल्याबाई से जीवन दर्शन से नपाध्यक्ष साहू ने सभी दीदियों को प्रेरित किया। उन्होंने स्वच्छता दीदी ओमकुमारी बघेल, कमला बंजारे, हेमलता यादव, गौरी सिन्हा, सतरुपा साहू, नेहा पाटकर, गुलापा पटेल, रेखा यादव, कौशिल्या साहू, खोरबाहरिन, गुलापी यादव, रीना छात्रे, अनसुईया सांवरा आदि को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में पार्षद पीयूष साहू, ईश्वरी भोई, जय कुमार देवांगन, हफीज कुरैशी, शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, नीतू प्रधान, टिकेश्वरी मिरी, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, मिशन मेनेजर दीपक तिवारी, अभिनव दुबे, ममता बग्गा, राखी ठाकुर, प्रेमशीला बघेल सहित स्वच्छता दीदी व अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर बेलसोंडा में हुई विचार गोष्ठी



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल महासमुंद के तत्वावधान में 27 मई को साहू समाज भवन बरोंडाबाजार में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती के उपलक्ष में विचार एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मोनिका साहू ने अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी के बारे में कहा कि उनका जन्म महाराष्ट्र के अहिल्या नगर जिले के चौड़ी गांव में हुआ था। उनके पिता मनको शिंदे थे, जो गांव के पाटिल थे। उनका विवाह 10-12 वर्ष की आयु में मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव से हुआ था। उन्होंने न्याय और प्रशासन के क्षेत्र में अपनी दूरदर्शिका और क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कई हिंदू मंदिरों का निर्माण भी करवाया और तीर्थ स्थान पर धर्मशालाएं भी बनवाई। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्क्ष येतराम साहू ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने हमारे देश में कई वीरांगनाओं एवं विभूतियों के इतिहास को आज तक छुपाए रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जब से सरकार बनी है तब से हमारे देश के वीरांगनाओं देशभक्तों को याद किया। साहू ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर एक न्याय प्रिय कुशल प्रशासक और परोपकारी शासक के रूप में याद किया जाता है, उनकी न्याय प्रियता और लोगों के प्रति उनकी सहानुभूति उन्हें लोकमाता के रूप में स्थापित करती है। उनका शासन काल होलकर राज्य के लिए एक स्वर्णिम युग था, जिसने मध्य भारत में उनकी पहचान को मजबूत किया। भाजपा जिला मंत्री एवं सह प्रवक्ता निरंजना शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर परम शिव भक्त थी। मराठा साम्राज्य की एक महान शासिका थी। वह अपने न्याय प्रशासन एवं परोपकार के लिए जानी जाती थी। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की विरासत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू शिक्षा के क्षेत्र में उनका अग्रणी कार्य है। इस अवसर पर महेंद्र सिक्का अध्यक्ष शहर मंडल महासमुंद, सोनाधार सोनवानी पार्षद महासमुंद, मेघराज चंद्रसेन, परमानंद साहू, मेघराज ध्रुव, प्रेम साहू, लक्षण ध्रुव, पन्नालाल साहू, राजू साहू, अमित विश्वकर्मा, यशवंत साहू, पूनम साहू, निहाल देवांगन, लोचन चक्रधारी, लेखराज साहू, योगेश पटेल, राहुल चंद्राकर, हिमांशु चंद्राकर, मनोहर चक्रधारी, अमेरिका साहू, विमला साहू, हीरा चक्रधारी, लक्ष्मी प्रजापति, संतोषी साहू, बिमला साहू, झरना सेन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण मंडल महामंत्री डॉ माखन सिन्हा, साजन यादव एवं आभार प्रदर्शन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिग्विजय साहू दिग्गी ने किया।

## धान का समर्थन मूल्य बढ़ाना स्वागत योग्य कदम: पप्पू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

तुमगांव सिरपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष पप्पू पटेल ने बुधवार को कैबिनेट की मीटिंग में लिए गए बड़े फैसलों को किसान व राष्ट्र हित बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस अहम मीटिंग में कैबिनेट ने 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 69 रुपए बढ़ाकर 2369 रुपए प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दे दी। इसका सीधा मतलब ये हुआ कि इस सीजन में किसानों को 1 क्विंटल धान के लिए कम से कम 2369 रुपए दिए जाएंगे। बता दें कि इससे पहले किसानों को 1 क्विंटल धान के लिए न्यूनतम 2300 रुपये मिल रहे थे।



उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी। इसमें धान के अलावा ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, कपास, मूंगफली, सूरजमुखी के बीज, सोयाबीन (पीला), तिल और रामतिल शामिल है। 2025-26 के खरीफ सत्र के लिए अरहर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़कर 8000 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द का 400 रुपए बढ़ाकर 7800 रुपए प्रति क्विंटल और मूंग का 86 रुपए बढ़ाकर 8768 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। इन फसलों के लिए एमएसपी की कुल धनराशि 2,07,000 करोड़ रुपए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ये सुनिश्चित किया गया है कि किसानों को उनकी लागत के ऊपर कम से कम 50 प्रतिशत का मार्जिन मिले। साथ में किसान क्रेडिट कार्ड में भी रियायती ब्याज दर पर योजना के अंतर्गत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 3 लाख रुपए तक के शॉर्ट टर्म लोन मिले, जिसमें लोन देने वाली पात्र संस्थाओं को 1.5 प्रतिशत ब्याज छूट प्रदान की गई। इसके अलावा समय पर लोन चुकाने वाले किसान शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन (पीआरआई) के रूप में 3 प्रतिशत तक के प्रोत्साहन के पात्र हैं, जिससे किसान क्रेडिट कार्ड लोन पर उनकी ब्याज दर प्रभावी रूप से 4 प्रतिशत हो जाती है। पशुपालन या मत्स्य पालन के लिए दिए गए लोन पर ब्याज लाभ 2 लाख रुपए तक लागू है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में की गई थी, जिससे किसानों के लिए कार्यशील पूंजी प्राप्त करना काफी आसान हो गया।

ब्याज सहायता योजना से किसानों की कार्यशील पूंजी की लागत में जबरदस्त कमी आई है। जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत किसानों को 2 लाख रुपए तक का लोन महज 4 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाता है। इस निर्णय से देश व राज्य की किसान बेहद है खुश है। इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह का आभार जताया है।

## विचार गोष्ठी कार्यक्रम में वरिष्ठ महिलाओं का किया सम्मान



**तेंदूकोन।** भाजपा मंडल बागबाहरा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदूकोना के शिशु मंदिर प्रांगण में पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होल्कर के 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही मंडल के वरिष्ठ महिलाओं का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।

महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उपवक्ता के रूप पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, पवन पटेल, संदीप घोष, मंडल अध्यक्ष रुपेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, मुन्ना साहू, भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष रामखिलावन साहू, खल्लारी मंडल अध्यक्ष लोकेश पनुरिया, रमेश पटेल, महामंत्री द्वय राजेश ठाकुर, प्रकाश पटेल, कन्हैया नायक, छन्नू साहू, गुड्डा सिन्हा, डीगन सिन्हा, टीकम ध्रुवंशी, मयाराम साहू, कमलेश, अजय ध्रुव, हीरा साहू, धनी राम मरकाम, राकेश चंद्राकर, हरिवल्लभ शर्मा, मुकेश चंद्राकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष जीवनी साहू, मेनका साहू, खेलावन चंद्राकर, कलानाथ निषाद, हेमंत सिन्हा, हरीश जगत, कौशल साहू, कोमल साहू, जनक साहू, चंद्रहास साहू, रवि निषाद, बिहारी सिन्हा, महेंद्र दीवान, विष्णु साहू, हुमन सेन, देव डोंगरे, नारायण पटेल, कमला पटेल, रामप्रसाद ध्रुव, पीतांबर साहू आदि मौजूद रहे।

## वीर अहीर रज कलश यात्रा का पिथौरा में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा(ग्रामीण)

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा पिथौरा इकाई द्वारा वीरता, साहस और सामाजिक एकता के प्रतीक रेजांगला रज कलश यात्रा का नगर में भव्य स्वागत किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर की अगुवाई महासभा के प्रदेश सलाहकार एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने की। यात्रा के साथ विजय यादव, सहसंयोजक रज कलश यात्रा एवं एसडी यादव राष्ट्रीय सचिव यादव महासभा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।



यात्रा के नगर आगमन पर रज कलश का फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। उजाला पैलेस में अतिथियों के स्वागत के पश्चात एक संक्षिप्त सभा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न प्रांतों से आए पदाधिकारियों और वरिष्ठजनों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण यादव, राष्ट्रीय सह संयोजक रज कलश यात्रा ने कलश यात्रा के उद्देश्य और उसके ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को सामाजिक एकता और संगठन की मजबूती के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि रेजांगला के ऐतिहासिक युद्ध में केवल 120 भारतीय सैनिकों ने लगभग 3000 चीनी सैनिकों से वीरता पूर्वक लड़ाई लड़ी थी, जिनमें 114 सैनिक अहीर यादव समुदाय से थे। यह यात्रा उन्हीं वीरों की स्मृति और सम्मान में देशभर में निकाली जा रही है। सभा को संबोधित करते हुए मुकेश यादव ने कहा कि अहीर यादव समुदाय सदैव से पराक्रमी, निडर और साहसी रहा है द्वापर युग से लेकर आज तक इन गुणों की छवि अहीर समाज में स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है। उन्होंने रज कलश यात्रा को गौरव का प्रतीक बताते हुए समाज को इससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विशेष अतिथि एसडी यादव ने समाज में एकता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि राजनीतिक और सामाजिक दोनों ही क्षेत्रों में यादव समाज को संगठित होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने योग्य नेतृत्व को आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर नरेंद्र यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महासभा, हरीश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, ठेठवार यादव महासभा, संतोष यादव जिला अध्यक्ष, यादव महासभा रायगढ़, विनोद यादव जिला अध्यक्ष महासमुंद सहित कई वरिष्ठजनों ने सभा को संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन सोमकांत यादव सचिव, ठेठवार यादव समाज और विनोद यादव ने किया। आभार प्रदर्शन करते हुए हरीश यादव ने कहा कि महासभा अपने शताब्दी वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अहीर रेजिमेंट की मांग को बुलंद कर रही है, जिसमें समाज के प्रत्येक सदस्य को सहयोग देना चाहिए। इस अवसर पर दुलार यादव, घनश्याम यादव, डिगेश यादव, श्याम सुंदर यादव, तुलाराम यादव, माधोराम यादव, भगवान दास यादव, मोहित यादव, यशवंत यादव, हृदय राम यादव, भोला यादव, सूबे लाल यादव, लखनु यादव, शिवा यादव, सहित सैकड़ों यादव समाज के बंधु उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की बैठक में नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़िया अस्मिता, भाषा और संस्कृति की रक्षा के उद्देश्य से छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की आवश्यक बैठक नगर के कलार समाज भवन में आयोजित की गई। इस अहम बैठक में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष अमित बघेल भी मंच पर मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से क्रांति सेना की जिला एवं ब्लॉक इकाई के गठन पर चर्चा की गई, जिसके तहत सर्वसम्मति से जिला पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें जिला संयोजक क्षेत्रे सिदार, जिलाध्यक्ष सदानंद सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रेमसिंह जगत, महामंत्री हेमसागर बिंझवार, सचिव जितेंद्र



चंद्राकर, संगठन मंत्री ज्ञानसिंह ग्वाल, आईटी सेल प्रभारी बिश्वर सिदार, सदस्यता प्रभारी जीवन ध्रुव, कार्यकारिणी सदस्य लोकेश साहू, नेपाल ठाकुर, कुंजल सिदार, पुष्पलाल समेत 9 अन्य को भी टीम में शामिल किया गया।

बैठक में महिला सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़िया महिला क्रांति सेना के गठन की घोषणा की गई, जिसमें ललिता आवडे को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। वहीं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की जिला इकाई के लिए मनोज यादव को जिलाध्यक्ष और मीरा रामकुमार पटेल को महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ. अजय यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी प्राथमिकता छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति और पहचान की रक्षा करना है, जो भी हमारी संस्कृति से खिलवाड़ करेगा या छत्तीसगढ़िया अस्मिता के खिलाफ होगा, उसे क्रांति सेना बख्शेगी नहीं। हम छत्तीसगढ़िया भाई-बहनों को उनका हक और न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना एवं जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा का आयोजन आत्मविश्वास, संगठनात्मक दृढ़ता और छत्तीसगढ़िया गौरव की भावना के साथ हुआ।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जनपद सदस्य ने की शिरकत



**नर्रा।** मंगलवार को भगवान शनिदेव की जयंती पर ग्राम खट्टी में कलार समाज द्वारा नवनिर्मित मंदिर में शनिदेव भगवान की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ किया गया। इनके पूर्व गांव में बाजे गाजे के साथ कलश यात्रा निकली। जिसमें समाज के अलावा ग्राम के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं शनिदेव भगवान को न्याय का देवता इसलिए कहा गया है क्योंकि मनुष्यों को उनके कर्मों के आधार पर न्याय देते है, वे न तो किसी को दंड देते है और न ही किसी को पुरस्कार बल्कि वे कर्मों के आधार न्याय देते है इसलिए न्याय का देवता कहा गया है। हवन पूजन के बाद भंडारा व प्रसादी वितरण किया गया।

इस अवसर पर नर्रा क्षेत्र के जनपद सदस्य लोचन पटेल ने वहां पहुंचकर भगवान शनिदेव की पूजा अर्चन व नारियल अर्पित कर भगवान शनिदेव महाराज से प्रार्थना कर क्षेत्र के लिए खुशहाली की कामना की। इस दौरान पुरुषोत्तम पटेल, नेतराम पटेल, परमेश्वर पटेल, ललित पटेल आदि मौजूद रहे।

## युक्तियुक्तकरण की दोषपूर्ण नीतियों के खिलाफ शिक्षकों ने घेरा मंत्रालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

युक्तियुक्तकरण की दोष पूर्ण नीतियों के खिलाफ शिक्षक साझा मंच के बैनर तले बुधवार को आयोजित मंत्रालय घेराव के लिए महासमुंद जिले से सैकड़ों शिक्षक राजधानी के तूता मैदान में जुटे और एक बड़ा आंदोलन कर सरकार को यह बताने का प्रयास किया कि शिक्षक सेटअप के बदलाव के साथ किए जा रहे युक्तियुक्तकरण को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेंगे।

छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में इन दिनों शिक्षा विभाग के आला अफसर सरकार को भ्रम में रखकर एक ऐसा सेटअप तैयार कर रहे है, जो कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से बर्बाद कर के रख देगा। अगर विभाग को युक्तियुक्तकरण कारण ही है तो 2008 के सेटअप के अनुसार करें। ताकि, एकल शिक्षकीय और शिक्षक विहीन शाला में शिक्षकों का प्रबंधन हो सके।



राजधानी तूता धरनास्थल पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श ने कहा कि सेटअप में बदलाव करने से पहले शिक्षा विभाग ने किसी भी प्रकार होम वर्क नहीं किया बिना किसी तैयारी के ऐसा सेटअप लाकर युक्तियुक्तकरण कर रहे है, जो बुनियादी शिक्षा की रीढ़ की हड्डी को तोड़कर रख देगा। दो शिक्षकों के बूते 60 बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देना संभव ही नहीं है। दो टीचर पांच क्लास में पढ़ाएंगे तो कैसे बच्चों को सुरक्षा मिलेगी और कैसे उनकी पढ़ाई में गुणवत्ता आएगी, इस बात पर विभाग को चिंतन करना चाहिए। नई शिक्षा नीति का आधार बुनियादी शिक्षा है। जिसमें बच्चा 8 साल शिक्षा प्राप्त करेगा उस बुनियादी शाला की पूरी तरह से खोखला करने का प्रयास शिक्षा विभाग कर रहा, जो कदापि उचित नहीं है।

धरना प्रदर्शन के बाद मंत्रालय घेराव के लिए रैली निकाली गई, जिसे रास्ते में रोका गया। शिक्षक वही नारेबाजी करने लगे। पश्चात प्रशासन की ओर से विभागीय सचिव से शिक्षक साझा मंच के प्रतिनिधि मंडल की वार्ता देर शाम कराई गई।

मंत्रालय घेराव में जिला अध्यक्ष दिनेश नायक, महासमुंद ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव, बागबाहरा ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश बघेल, सरायपाली ब्लाक प्रमुख मनोज राय, बसना ब्लाक प्रमुख शरण दास, पिथौरा ब्लॉक अध्यक्ष सदानंद भोई के नेतृत्व में राजेश चंद्राकर, आत्मा राम साहू, अजय बंजारे, राजेश भाले राव समेत सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

//ईशतहार//

ग्राम बाम्हनसरा, प.ह.नं. 08,
रा.नि.मं - कोमाखान
तहसील कोमाखान, (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक किशन ठाकुर पिता भैरोलाल जाति गोंड़ निवासी बाम्हनसरा तहसील कोमाखान जिला महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा अपनी नानी श्रीमती फुलकुंवर पति बोधीराम की मृत्यु दिनांक 15.11.2008 को ग्राम बाम्हनसरा में हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण आवेदक किशन ठाकुर द्वारा उक्त तिथि में अपनी नानी फुलकुंवर पति श्री बोधीराम के मृत्यु दिनांक 15.11.2008 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर/दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 10.06. 2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/ उजर/ दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26.05. 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
कोमाखान

## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ग्राम खरोरा के लोग अपने घरों और गांव के आसपास जगह को साफ सफाई अवश्य करें। शहीद स्मारक खरोरा के आसपास जगह पर साफ-सफाई कार्य किया गया।

### महिला आयोग अध्यक्ष 5 को करेंगी प्रकरणों की सुनवाई

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक 5 जून को महासमुंद प्रवास पर रहेंगी। प्रोटोकॉल से मिली जानकारी अनुसार डॉ. किरणमयी नायक प्रातः 09 बजे रायपुर से प्रस्थान कर प्रातः 10 बजे महासमुंद विश्राम गृह पहुंचेंगी। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में महासमुंद जिला से प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। सुनवाई पश्चात वे शाम 06 बजे रायपुर मुख्यालय के लिए प्रस्थान करेंगी।

## निधन

### अदालत प्रसाद दुबे



**महासमुंद।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी अदालत प्रसाद दुबे (78) का बुधवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे आशीष दुबे, बलदेव कृष्ण दुबे और राधेश्याम दुबे के पिता थे।

# अहिल्याबाई की त्रि-शताब्दी जयंती पर विचार संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मंगलवार को बागबाहरा शहर मंडल द्वारा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की त्रि-शताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में महत्वपूर्ण कार्यक्रम विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष डिंपल डाली ध्रुव ने किया।

मंडल के मीडिया प्रभारी डेविड कुमार साहू ने बताया कि संगोष्ठी में वाणी तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थीं, जिन्होंने भारतीय इतिहास में वीरांगनाओं के योगदान को छिपाने और मुगल शासकों के बारे में अधिक पढ़ाए जाने की आलोचना की। उन्होंने बताया कि अहिल्या देवी बचपन से ही धार्मिक और दयालु थीं और विवाह के उपरांत अपने ससुर की देखरेख में राजकार्य में निपुण हो गईं। वाणी तिवारी ने अहिल्याबाई ने नारी सशक्तिकरण, अनेक मंदिरों के निर्माण एवं मुगल आक्रांताओं द्वार नष्ट किए गए मंदिरो का पुनर्निर्माण, तीर्थयात्रियों के लिए धर्मशालाओं के निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण के लिए तालाबों, और उद्योगों-व्यापार को सुलभ जैसे आदर्शों और कार्यों को विस्तार से याद किया। इस



अवसर पर संदीप दीवान और सुनीता देवांगन भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अल्का चंद्राकर (प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष), प्रीतम दीवान (पूर्व विधायक), शंकर तांडी (जिला मंत्री), नरेश चंद्राकर प्रेम साहू (पूर्व मंडल अध्यक्ष), प्रेम साहू, दुबेलाल साहू, आबिद कुरैशी, बाला चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा, संजय मालवे, हरमीत सिंह बग्गा, अतुल गंडेचा, चंद्रशेखर ध्रुव, नारायण तांडी, काजल साहू, राहुल अग्रवाल, अरविंद छाबड़ा, अशोक दीप, तुलसी यादव, सविता दीवान, थानूराम पांडे, महेंद्र गुप्ता, नरेंद्र ठाकुर, गोवर्धन पटेल, तिलेश्वर साहू, गजेंद्र साहू, हितेंद्र देवांगन, नीरज मानिकपुरी, राजा देवांगन, नीतेश पांडे, मोहन सागर, संतोष ध्रुव, राकेश सोनी, महेश दास वैष्णव, हरी चंद्राकर, चमन पटेल, देवानंद शर्मा, ईश्वर वर्मा, रमन कुमार साहू, अशोक ध्रुव, नवाब खान, पूनम चंद्राकर, मदन देवांगन, सुरेंद्र श्रीवास्तव, राजेश बगानि, मेघू चंद्राकर, मोतीलाल पुजारा, धनराज साहू, भावेश बघेल, सत्येंद्र सिंह, ओमप्रकाश मंडल के कार्यकर्ता एवम बूथ अध्यक्षगण, पदाधिकारी शामिल हुए। विचार संगोष्ठी में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या बाई के जीवन और उनके अतुलनीय योगदान पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने लोकमाता अहिल्या बाई के आदर्शों और मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया, जिससे उनके प्रेरणादायक कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके।

**आयोजन:** अन्य फसलों की ओर प्रेरित करने किसान सम्मेलन कराने दिए निर्देश

# संगोष्ठी में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन के लिए निगम अध्यक्ष ने किसानों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सरायपाली एवं बसना के बीज प्रक्रिया केंद्र पहुँचे बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर 27 मई मंगलवार को सरायपाली एवं बसना के बीज प्रक्रिया केंद्र में आयोजित कृषि संगोष्ठी में शामिल हुए। चंद्राकर सुबह 11 बजे सरायपाली बीज प्रक्रिया केंद्र तथा दोपहर 2.10 बजे बसना स्थित बीज प्रक्रिया केंद्र में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। सरायपाली प्रक्रिया केंद्र प्रभारी रंजीता टोप्पो एवं बसना प्रक्रिया केंद्र प्रभारी गिरजाशंकर पटेल ने अपने-अपने प्रक्रिया केंद्रों के बारे में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। दोनों बीज प्रक्रिया केंद्रों में बीज उत्पादक किसानों ने अपनी समस्याओं से चंद्राकर को अवगत कराया। जिसमें प्रमुख रूप से उपार्जन दर बढ़ाने, केंद्रीय अनुदान को 500 से बढ़ाकर 1 हजार करने, अग्रिम राशि



समर्थन मूल्य के बराबर त्वरित भुगतान करने, ढाई प्रतिशत पैकिंग लास को बंद करने, परिवहन भाड़ा में वृद्धि करने, आटोमेटेड ग्रेडिंग मशीन स्थापित करने, क्राप कटिंग के आधार पर धान की मात्रा (कच्चा बीज) उत्पार्जन करने आदि अनेक मांगों से संबंधित ज्ञापन किसानों ने निगम अध्यक्ष चंद्राकर को सौंपा।

किसानों की मांगों व समस्याओं को गंभीरता से सुनकर चंद्राकर ने कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री को अवगत कराने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने किसानों के सभी समस्याओं के समाधान के लिए भी आश्वस्त किया। उन्होंने किसानों से अपील की कि बीज गुणवत्ता को बनाए रखें, अच्छे गुणवत्ता के बीज का उत्पादन करें, बाजार या अन्य किसानों से खरीदकर बीज न बनाएं। उन्होंने किसानों के सभी समस्याओं के निराकरण करने का आश्वस्त करते हुए आगामी समय में वृहद स्तर पर कृषक सम्मेलन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिसमें धान के अलावा अन्य लाभकारी फसलों के बारे में चर्चा कर किसानों को अन्य फसलों में रूचि लेने प्रेरित किया जाएगा।

सरायपाली एवं बसना के कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में बीज उत्पादक कृषकों सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीगण त्रिलोचन पटेल पूर्व विधायक, छत्तर सिंह नायक पूर्व जिपं अध्यक्ष, संजय शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष, विपिन उपोवेजा, भवानी शंकर चौधरी, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि किसन पटेल, प्रकाश पटेल, कामता पटेल, लक्ष्मी पटेल, प्रगतिशील कृषक सेतकुमार पटेल, बसना से रमेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, रामचंद्र अग्रवाल, डा. एनके अग्रवाल, जितेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र कश्यप, नरेंद्र यादव, डेविड चौधरी, विद्या चौधरी, वीरेंद्र नर्मदा, महासमुंद से शंकर लाल चंद्राकर, नंदु जलक्षत्री, अमन वर्मा शामिल हुए। दोनों ही स्थानों में कार्यक्रम का संचालन बीज उत्पादक कृषक उग्रसेन पटेल द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन प्रक्रिया केंद्र प्रभारियों द्वारा किया गया।

# जिपं उपाध्यक्ष ने लोगों से की भेंट मुलाक़ात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पतेरापाली स के आश्रित ग्राम सराईपाली में छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत पार्टी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी के घर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे।

इस अवसर पर रात्रि में गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत बोरिद का लोकरंग पंडवानी कार्यक्रम हुआ। जिसका ग्रामीणों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कलाकार विकास मंच बागबाहरा के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी, छत्तीसगढ़ी नाचा गम्मत पार्टी संघ के जिलाध्यक्ष पप्पू साहू, ग्राम पंचायत बाघामुड़ा के सरपंच एडिशन ठाकुर, पूर्व पार्षद मोगेश पिंटू चंद्राकर, गायककार डिमान सेन, टीकम पटेल, मोतीराम पटेल, अजय ध्रुव, हीरा साहू, पूर्व उपसरपंच पवन निषाद, तीरथ राम साहू, दाऊलाल विश्वकर्मा, चुम्मन साहू, सुरेश साहू, ओमप्रकाश ध्रुव आदि उपस्थित थे।

# मरार समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मरार पटेल समाज के जिला की कार्यकारिणी की बैठक महासमुंद के सितली नाला के पास स्थित पटेल भवन में हुई। सर्वप्रथम मरार समाज के अराध्य देवी मां शाकंभरी देवी की पूजन अर्चन कर की गई। इसके बाद बैठक में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, संयोजक लोचन पटेल तथा प्रदेश व जिला के पदाधिकारियों एवं राज अध्यक्षों का स्वागत गुलाल से किया गया। जिले के अंतर्गत आठ राज शामिल है। जिला व राज के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अनेक एजेंडों पर चर्चाकर सभी राज अध्यक्षों की रायशुमारी बारी बारी से ली गई। इसके अलावा समाजिक गतिविधियों पर चर्चा परि चर्चा भी हुई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, संयोजक लोचन पटेल, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रितेश पटेल, तुकाराम पटेल, प्रहलाद पटेल, पुरुषोतम पटेल, ललित पटेल, तुकाराम पटेल, बलराम पटेल, दिनेश पटेल, भेखलाल पटेल, मालिक राम पटेल, घनश्याम पटेल, अमन पटेल, नरेंद्र पटेल, बालाराम पटेल, गोविंदराम पटेल, नेतराम पटेल, परमेश्वर पटेल, सेवराम पटेल, कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश पटेल आदि मौजूद रहे।



# पूर्व विधायक त्रिलोचन को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- अनेक किसानों एवं संगठनों ने की अध्यक्ष बनाने की मांग

पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर का अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा जोरों से चल रही है। वही क्षेत्र के अनेक किसानों व किसान संगठनों ने भी उनके जुझारू व्यवक्तित्व व किसान हितैषी होने का कारण बताते हुए त्रिलोचन पटेल को जिला सहकारी बैंक का अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की है।

ज्ञातव्य है कि सरायपाली विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक त्रिलोचन पटेल की छवि साफ सुथरी के साथ ही अनुशासन व काम को लेकर कड़क रही है। उनके कार्यकाल के दौरान समय पर कार्य नही करने वाले अधिकारियों की वे जोरदार खिंचाई किया करते थे। उनकी इस दबंग छबि के कारण अधिकारी व कर्मचारी आमजनता को बेवजह लटकाने का कार्य नही कर पाते थे। कभी कभी अपनी स्पष्टवादिता के कारण लोगों की भी अपने ऊपर ले लेते थे। अपने विधायकी कार्यकाल के दौरान उन



पर एक रुपए का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। कार्यों व आमजनता के प्रति समर्पित रहे त्रिलोचन पटेल के कार्यों व बेबाक बोल उनकी पहचान बनी थी। सत्तापार्टी में रहते हुए भी उन्होंने विधानसभा में अपने ही पार्टी के खिलाफ जनता के हितों के लिए आवाज उठाते रहे। उनके ठोस कार्यों व विचारों, समर्पण, सक्रियता, विश्वसनीयता व स्पष्टवादिता के कारण पार्टी के बड़े नेताओं व उच्च अधिकारियों से भी अच्छी पहचान व पकड़ बना ली है। आज विधायक नही रहने के बावजूद भी अपनी पहचान के कारण वे आमजनता के कार्यों को जनहित में करते रहे हैं। क्षेत्र का किसान व किसान संगठन भी यह चाहता है कि उन्हें किसानों से संबंधित विभाग दिया जाए। क्योंकि, वे स्वयं किसान वर्ग से आते हैं व किसानों की समस्याओं से भली भांति परिचित भी हैं। अपने कार्यकाल के दौरान जिला सहकारी समिति से संबंधित अनेक योजनाओं व कार्यों का लाभ किसानों को दिलाया है। जिसकी वजह से किसान वर्ग भी चाहता है कि उन्हें केंद्रीय जिला सहकारी बैंक का अध्यक्ष बनाया जाए। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता इमरान मेमन ने भी मुख्यमंत्री को ईमेल के माध्यम से त्रिलोचन पटेल को केंद्रीय जिला सहकारी बैंक का अध्यक्ष बनाये जाने की मांग की है।

### सड़क में फैली मिट्टी, आवागमन में परेशानी

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि बारिश होने से अछोली से भोरिंग सड़क में मिट्टी फैल गई है। इससे आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों में भारी रोष है। तुषार ने बताया कि सड़क के बीचों बीच लगे मिट्टी के ढेर वाहनों के क्रासिंग के दौरान खतरनांक साबित हो रहे हैं। आए दिन मिट्टी के ढेर पर वाहन चढ़ने से फिसलकर लोग जख्मी हो रहे हैं। तुषार ने बताया कि पीडब्लूडी सड़क के बीचों-बीच मिट्टी के ढेर लगा दिए है, जो वाहन चालकों को परेशानी बढ़ा रहे हैं। ठेकेदार द्वारा कछुआ गति से अपनी सहूलियत अनुसार कार्य कराया जा रहा है, जिसका खामियाजा वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। शासन प्रशासन से मांग है कि ऐसे ठेकेदारों पर उचित कार्रवाई कर रोड का डामरीकरण कराया जाए।



# संघ ने सीआर प्रक्रिया में द्वेषपूर्ण कार्रवाई पर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ जिला इकाई महासमुन्द ने एक बार फिर कर्मचारियों के अधिकारों की पैरवी करते हुए अपनी मांगों को लेकर मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सीएमएचओ एवं बीएमओ को पत्र लिखा है। संघ ने वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन (सीआर) प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और समयबद्ध रूप से लागू करने की मांग की है। मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी एवं जिलाध्यक्ष.राम गोपाल खूंटे ने बताया कि वर्तमान में कई जिलों में कार्यरत एनएचएम कर्मचारियों की वार्षिक मूल्यांकन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं देखी जा रही है। द्वेषपूर्ण कार्रवाई कर कर्मचारियों का सीआर खराब किया जाता है। दुर्भावनापूर्ण इन्क्रीमेंट रोका जाता है, इससे न केवल कर्मचारियों के मनोबल पर प्रभाव पड़ता है, बल्कि उनकी वेतन वृद्धि और भविष्य की नियुक्तियों पर भी प्रतिकूल असर होता है।

जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने कहा कि विगत वर्षों में कई जिलों में दुर्भावनावश मानव संसाधन के विपरीत कई कर्मचारियों को निकाला गया था, जो उच्च न्यायालय के आदेश पर पुनः वापस आए हैं। जब कोर्ट ने कर्मचारियों के विरुद्ध किए गए दुर्भावनापूर्ण कार्यावाही को गलत ठहराया है तो राज्य कार्यालय को इस दिशा में सभी सीएमएचओ को दिए गए कार्यदायित्वों के आधार सीआर मूल्यांकन करने की आवश्यकता है, न कि दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई की।

संगठन ने मांग की है कि सीआर भरने की प्रक्रिया के लिए एक स्पष्ट समय-सीमा तय की जाए और सभी संबंधित अधिकारियों जैसे सीएमएचओ, बीएमओ एवं अन्य जिला अधिकारी को इस बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया जाए। साथ ही संगठन ने यह भी सुझाव दिया है कि इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए मिशन स्तर पर एक सशक्त तंत्र विकसित किया जाए, जिससे कर्मचारियों को न्याय मिल सके। संघ ने आशा जताई है कि शासन इस संवेदनशील मुद्दे पर शीघ्र संज्ञान लेगा और कर्मचारियों के हित में त्वरित निर्णय लिया जाएगा। संघ के प्रदेश प्रवक्ता पुरन दास ने कहा कि किसी भी जिला या ब्लॉक में विपरीत सीआर के प्रकरण बिना किसी ठोस कारण के पाए जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

**सशक्त नारी, समृद्ध गांव स्व-सहायता समूहों से मिली नई पहचान**

# मेहनत और बिहान योजना के सहयोग से आत्मनिर्भर बनीं मानकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से संगठित कर उन्हें स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसी योजना के तहत ग्राम पंचायत मोंगरा, विकासखंड महासमुन्द की रहने वाली मानकी साहू इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं। अत्यंत ही कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रही मानकी साहू के पास आय का कोई स्थायी साधन नहीं था। परिवार की जिम्मेदारियों के बीच वे जीवन यापन के लिए संघर्ष कर रही थीं।

बिहान योजना के माध्यम से वो जय मां गायत्री महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी, जहां उन्होंने समूह की गतिविधियों में भाग लेना शुरू किया। यह जुड़ाव उनके लिए न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी सशक्तिकरण का माध्यम बना। समूह के माध्यम से उन्होंने वित्तीय साक्षरता, बचत, ऋण सुविधा और स्वरोजगार की विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इस प्रकार बिहान योजना ने न केवल उनकी आजीविका को स्थिरता प्रदान की, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित किया। समूह की बैठक में सभी सदस्यों ने उनके हालात को समझते हुए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। समूह से उन्हें आरएफ से 15 हजार रुपए सीआईएफ से 60 हजार और बैंक ऋण के रूप में 03 लाख रुपए दिए गए। इस आर्थिक सहायता का उपयोग करते हुए मानकी ने सेंट्रिंग प्लेट (लकड़ी) खरीदकर निर्माण कार्य में किराये पर देना प्रारंभ किया। वह 12 से 14 रुपए प्रति फीट के हिसाब से यह प्लेट किराये पर देती हैं, जो शासकीय निर्माण कार्यों एवं स्थानीय बाजारों में उपयोग होती है। इन प्रयासों से उन्हें आवश्यकता से अधिक मासिक आय हो जाती है। जिससे बचत करते हुए वे नियमानुसार समूह को ऋण की राशि भी समय पर वापस की। आज मानकी न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर चुकी हैं, बल्कि उन्होंने अपने परिवार की जरूरतों को भी बखूबी पूरा करना शुरू कर दिया है। आज श्रीमती साहू न केवल स्वयं सफल हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं। वे यह संदेश देती हैं कि बिहान योजना से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं। मानकी कहती है कि बिहान मेरी पहचान बन चुका है, इस योजना के माध्यम से उन्हें न केवल आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि आत्मविश्वास, साहस एवं सामाजिक सम्मान भी प्राप्त हुआ।



